# कबूतरशाला निर्माण को मिली पूर्व सीएम की सराहना


**पक्षियों के संरक्षण में अनूठी पहल**

## क्षेत्रवसियों के सहयोग से पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** कुछ करने का जज्बा और मन में दृढ़ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि अजमेर शहर के फव्वारा चौराहे वाली प्राचीन कबूतरशाला के बाद नई कबूतरशाला का निर्माण कराया गया है। नगर निगम के वार्ड संख्या 3 के पार्षद ज्ञान सारस्वत की पक्षियों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनसहयोग से नई कबूतरशाला का निर्माण कराया गया, जहां अब बड़ी संख्या में पक्षियों के लिए सुरक्षित भोजन और आश्रय की व्यवस्था की गई है। इस कबूतरशाला में प्रतिदिन लगभग 100 किलो अनाज दानदाताओं द्वारा पक्षियों के लिए उपलब्ध कराया जाता है। समय के साथ बारिश और चूहों के कारण फर्श एवं जालियां खराब हो गई थीं, लेकिन क्षेत्रवासियों ने मिलकर मरम्मत कार्य करवाया और फर्श, रंग रोगन आदि कराकर इसे फिर से तैयार किया।

कबूतरशाला का निर्माण केवल धर्म लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिहाज से भी फायदेमंद है। विशेषज्ञों के अनुसार, लकवा, ब्रेन ट्यूमर और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए कबूतरों के पंखों की हवा लाभकारी होती है। यही कारण है कि क्षेत्र के वृद्धजन और पक्षीप्रेमी नियमित रूप से इसकी साफ-सफाई और सेवा कार्यों में भाग लेते हैं।







**अवैध कब्जों को हटाक र किया गया निर्माण :** यह कबूतरशाला सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाकर बनाई गई है। इसके अलावा, भामाशाहों को प्रेरित कर इस क्षेत्र में दो कबूतरशालाएं और दो कबूतर फ्लैट भी बनाए गए हैं। इससे पक्षियों को सुरक्षित आश्रय देने के साथ साथ क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ी है।

**पूर्व सीएम राजे ने की पार्षद के कार्यों की सराहना :** नगर निगम के पार्षद ज्ञान सारस्वत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वार्ड 3 में कबूतरशाला और वृक्ष देवता के मंदिर जैसे नवाचार अनुकरणीय हैं और सभी नगर निगम क्षेत्रों में इस तरह के कार्य किए जाने चाहिए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह पहल न केवल पक्षियों के संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि शहर की सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। अब अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह की पहल करने की मांग उठ रही है।

# खानाबदोश बनकर रह रहा एक और बांग्लादेशी को पकड़ा

## अजमेर में स्पेशल टास्क फोर्स की कार्रवाई चोरी छिपे बॉर्डर क्रॉस कर आया था भारत

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** जिला पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक और बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा। आरोपी चोरी छिपे बॉर्डर क्रॉस कर आया और खानाबदोश बनकर रह रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। एएसपी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा अवैध बांग्लादेशी आदि घुसपैठियों की पहचान एवं उनका निष्कासन के दिए गए आदेशों पर कार्रवाई करते हुए एसपी वंदिता राणा के निर्देशन में शहर अजमेर में अवैध रूप से निवास करने वाले अवैध बांग्लादेशी व घुसपैठियों की पहचान एवं उनका निष्कासन करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर बांग्लादेशी, रोहिग्या आदि नागरिकों का चिह्निकरण किया जाकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। रविवार को लक्ष्मणराम आरपीएस वृताधिकारी वृत्त दरगाह जिला अजमेर टीम प्रभारी के नेतृत्व में दरगाह क्षेत्र जालियान कब्रिस्तान, अन्दकोट नई सड़क व दरगाह के अन्य संभावित क्षेत्र में रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जिसमें मोहम्मद इब्राहिम गाजी ने अवैध रूप से चोरी छिपे बार्डर कॉस कर अनाधिकृत रूप से भारत में प्रवेश कर अलग-अलग स्थान-क्षेत्र में रहते हुए उर्स के समय दरगाह क्षेत्र में पहुंचकर खाना बदोश के रूप में निवास करना स्वीकार किया।



उक्त मोहम्मद इब्राहिम गाजी से गहनता से पुछताछ जारी है। जांगिड़ ने बताया कि पूर्व में गठित टीम द्वारा अलग-अलग कार्रवाई कर सात अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को डिटेन कर कार्रवाई की जा चुकी है एवं आगे भी कार्रवाई लगातार जारी है।

# इंश्योरेन्स कर्मचारियों की मेहनत से ही कई लोगों की सुरक्षा-भविष्य की चिंता कम हो पाती है : रावत

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सभागार में रविवार को नेशनल ऑर्गेनाईजेशन ऑफ इंश्योरेन्स वर्कर्स द्वारा आयोजित 19वीं त्रैवार्षिकी ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस-2025 का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के स्पीकर वासुदेव देवनानी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शिरकत की।





मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अपने संबोधन में इंश्योरेंस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की भूमिका को सराहा और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंश्योरेन्स कर्मचारियों की मेहनत से ही कई लोगों को सुरक्षा और भविष्य की चिंता कम हो पाती है। उन्होंने इस अवसर पर यह भी बताया कि राज्य सरकार अपने विभिन्न प्रभागों के माध्यम से इंश्योरेंस कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लाने पर काम कर रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। रावत ने इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह आयोजन राज्य और देशभर के इंश्योरेन्स कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म साबित हुआ, जिसमें उनके हितों की रक्षा और उनके कार्यक्षेत्र की बेहतरी के लिए कई विचार मंथन किए गए।

राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होने से देश के आम जनों को भी इंश्योरेंस की महत्त्वता के बारे में और अधिक जानकारी और जागृति होगी। कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर इंश्योरेन्स उद्योग की चुनौतियों, भविष्य की योजनाओं और कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर चर्चा की गई।

कार्यक्रम आयोजन करने वाली संस्था नेशनल ऑर्गेनाईजेशन ऑफ इंश्योरेन्स वर्कर्स के अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

इस कार्यक्रम में सभी प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे से अनुभव साझा किए और आगामी योजनाओं पर चर्चा की।



## 11वां चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव का आयोजन 21 मार्च से

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** झूलेलाल जयंती समारोह समिति की बैठक भगवान कलवाणी की अध्यक्षता में रसोई बैक्वेंट हॉल स्वामी कॉम्पलेक्स में रविवार को आयोजित हुई। बैठक में तय किया गया कि 11वां चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव-2025 का आयोजन 21 मार्च से 6 अप्रैल तक 17 दिवसीय विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय समितियों व पंचायतों द्वारा आयोजित किए जाएंगे। संरक्षक गिरधर तेजवाणी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर कवंल प्रकाश किशनानी, महामंत्री महेन्द्र कुमार तीर्थाणी व कोषाध्यक्ष लाल नाथानी को पुनः सर्व सम्मति से दायित्व सौंपा गया। बैठक में अलग-अलग धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक व व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित होकर पखवाड़े में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा की व नई पूरी टीम बनाने की जिम्मेदारी अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष को दी गई। आभार हरी चंदनाणी ने प्रकट किया। बैठक में पूर्व विधायक हरीश झामनाणी, नरेन शाहणी भगत, जीडी वृदांणी, मनोज भम्भाणी, दिशा प्रकाश किश्नानी, कुसुम आर्य, रमेश टिलवाणी, प्रकाश हिंगोराणी, ओमप्रकाश हिंगोराणी, नरेन्द्र कलवाणी, नरेन्द्र बसराणी, राजेन्द्र जयसिंघाणी, जयप्रकाश मंघाणी, दयाल कलवाणी, विनोद आसनाणी, गोविन्द छतवाणी, कमल शाहणी, अजीत पमनाणी, दीपक साधवाणी, रमेश, चण्लालवाणी, राजेश गिदवाणी, प्रकाश दादलाणी, रमेश वलीरामाणी, रूकमणी वतवाणी सीमा रामचंदाणी, महेश टेकचंदाणी, पुरुषोतम तेजवाणी, मीना खेमाणी, कंचन हिराणी, माला टेवाणी, आशा केसवाणी, शेवक पंजवाणी, गोविन्द मनवाणी, प्रकाश हासाणी, केटी वाधवाणी, किशोर विधाणी, नानक गजवाणी, डॉ. भरत छबलाणी, देवीदास साजनाणी, महेश ईसराणी, प्रियंका किशनानी सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हिन्दू-मुस्लिम मिलकर रहे यही हमारी ताकत : सरवर चिश्ती

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** किशनगढ़ के पास गांव ऊंटडा में दावतुल हक संस्था के आयोजित वार्षिकोत्सव व जलसा में 100 छात्रों को कुरान हाफिज और आलिम की डिग्री हासिल की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आरडीटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़, अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सरवर चिश्ती ने शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद हजारों छात्राओं और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू और मुसलमान हमारे देश की ताकत है। मदरसे के छात्र दीनी तालीम के साथ-साथ आरएएस, आईएएस के लिए भी कोचिंग हासिल कर रहे हैं, ये देश और समाज के लिए नई चेतना है। संस्था के प्रमुख मौलाना अय्यूब कासमी ने बताया कि शिक्षा सभी को हासिल हो इसके लिए वो अपने प्रयास करते आ रहे हैं, साथ ही समाज के बच्चे सीधी रहा पर चले ओर देश के जिम्मेदार नागरिक बने इसके लिए वो हमेशा प्रयास करते रहे। दावतुल हक संस्था उच्च शिक्षा कोचिंग, शैक्षणिक और चिकित्सा सेवा सहित अन्य सेवा में बेहतर कार्य कर रही है।

इस मौके पर मौलाना अहमद अली, अंजुमन सदस्य गफ्फार काजमी, वरिष्ठ पत्रकार नवाब हिदायत उल्ला, तारागढ़ पंचायत के सचिव राबनवाज जाफरी, अनवर पहलवान, अब्दुल नईम खान, अनवर चिश्ती, काज़ी मुनव्वर अली, डॉ. अब्दुल माजिद चिश्ती, यूनुस खान देशवाली, मोहम्मद इक़बाल, मौलाना इमरान, अल्ताफ, पूर्व देशावली बोर्ड के अध्यक्ष रामसिंह राव, कांग्रेस नेता व एडवोकेट विश्राम चौधरी, पार्षद नोरत गुर्जर, एडवोकेट सम्राट ऊंटडा, सुमेर चौधरी, सुरेश भडाना, एडवोकेट चेतन चौधरी, दीपक बागड़ी और मौलाना सहित विभिन्न मुस्लिम संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## छात्रों को सिखाएं आत्मरक्षा के गुर

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** अखिल मारवाड़ी महिला सदस्यों द्वारा जीतावल स्थित उप्रावि में रानी लक्ष्मी बाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। कार्यकम संयोजिका लीला आगाल ने बच्चों को गुड, बैड टच की जानकारी देकर आत्मरक्षा के गुर सिखाए। महिलाओं और बच्चों को धर्म और संस्कृति से जुड़े प्रश्न पूछकर उनके बीच रस्साकसी प्रतियोगिता करवाकर पुरस्कार वितरित किए। विशिष्ट अतिथि स्नेहलता भंडारी एवं वंदना पुंगलिया थी। अतिथियों द्वारा उपस्थित बालिकाओं के परिजनों से बच्चों को पढ़ाने के लिए उत्साहवर्धन किया। रीना काबरा ने विद्यार्थियों का आगामी परीक्षा को लेकर मार्गदर्शन दिया। शिखा भदादा भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। शिविर प्रभारी पीटीआई प्रियंका द्वारा सिखाए आत्मरक्षा के गुर का विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। स्कूल स्टाफ दिनेश आमेटा, शिव कुमारी व्यास, मीरा यादव, श्वेता आचार्य, कृष्णा धाकड़, शीतल कोयत ने अतिथियों का उपरणा एंव साफा पहना कर स्वागत किया।



## भागवत कथा में सम्मिलित हुए विधायक आक्या

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचदेवला में बाल योगी ब्रह्मनंद महाराज के मुखारविंद से चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा व सप्तकुंडिय महायज्ञ के अंतिम दिन विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने भी उपस्थित होकर कथा का लाभ लिया। इस दौरान विधायक आक्या ने बालयोगी ब्रह्मनंद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गब्बरसिंह अहीर, देवीलाल धाकड़, मोहन लाल कुमावत, जयचंद कुमावत, शोभालाल धाकड़, अनिल धाकड़, प्रहलाद कुमावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गुरु नानक साहब का संदेश सच हमेशा सत्य : ब्रम्हानन्द शास्त्री

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** प्रेम प्रकाश आश्रम वैशाली नगर में सूरत प्रेम प्रकाश आश्रम के सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री ने अपने सत्संग प्रवचनों के माध्यम से बताया कि सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु नानक देव साहब का संदेश अनेक वर्ष पूर्व का आदि सच, जुगादि सच है, यह सच नानक होसी भी सच हमेशा ही सत्य है। स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री ने सिन्धी भाषा में अपने प्रवचनों में समझाया कि जब हम नहीं थे तब भी सृष्टि के प्रारम्भ में परमात्मा था और उसके बाद भी परमात्मा रहा और आज भी सत्य स्वरूप परमात्मा कायम है।

शास्त्री ने बताया कि गुरु नानक देव ने कहा कि हम नही रहेंगे तो भी परमत्मा रहेगा। प्रेम प्रकाश आश्रम के सन्त स्वामी जस महाराज व पूज्य सिन्धी पंचायत के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि आश्रम में अनेक सन्तों-महात्माओं के सत्संग एवं भजन कीर्तन का आयोजन सूरत के एवं अजमेर के सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री के नेतृत्व में आयोजन किया गया। प्रेम प्रकाश आश्रम के सन्त स्वामी जस महाराज ने बताया कि इस अवसर पर सन्त स्वामी रामप्रकाश, स्वामी नारायणलाल सहित अन्य सन्तो महात्माओं के प्रवचनों का आयोजन भी किया गया। पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के महासचिव रमेश लालवानी, राजेश झूरानी, राजेन्द्र मूरजानी सहित अन्य ने सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री के दर्शनों एवं प्रवचनों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

# डॉ. अम्बेडकर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तीन हजार रुपए, द्वितीय दो हजार और तृतीय एक हजार सहित सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे**

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** राजस्थान प्रदेश कोली समाज आफिसर्स सोसाइटी जयपुर जिला इकाई अजमेर के तत्वावधान में रविवार को राज्यस्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबन्ध का विषय डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवनी और भगवान गौतम बुद्ध की जीवनी, डॉ. भीमराव अंबेडकर की 22 प्रतिज्ञा और बौद्ध धर्म आदि विषय दिए गए, जिस पर प्रतिभागी बच्चों ने अपने विचार कागज पर प्रकट किए।

अजमेर कोली ऑफिसस सोसायटी अजमेर ईकाई के अध्यक्ष यतींद्र सिंह सहवाल ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता तीन वर्गों में कक्षा 6 से 8, 9 से 12 तथा उच्च क्लासेज वर्ग के बच्चों के लिए रखी गई। अजमेर में 7 परीक्षा केंद्र सेंट थॉमस स्कूल, अलवर गेट, हिंदी सोफिया स्कूल भट्टा, सिद्दार्थ नगर, बौद्ध विहार, अजय नगर, महाबोधि स्कूल, गौतम नगर के कंद्रों पर 216 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सर्वधर्म अजमेर के रमेश लालवानी और बौद्धमठ के गुणवंत राहुल ने कोली समाज ऑफिसर्स सोसाइटी अजमेर के पदाधिकारियों के कार्य की सराहाना की। प्रतियोगिता के सुचारू और सफलता पूर्वक आयोजन में डीडी तंवर, निरंजन सिंह, राजेश लवास, गंगा सिंह वर्मा, हेमराज महावर, राजेश महावर, मदन भारती, पूरण सिंह, रोशन लाल, राम सिंह, राम सिंह नैन, राकेश कालोत, विक्रम सिंग, राहुल, राकेश राजोरिया, मंजू लवास, पुष्पा आदि का सहयोग रहा। सहवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तीन हजार, द्वितीय दो हजार तथा तृतीय एक हजार रुपए सहित सांत्वना पुरस्कारों सोसाइटी द्वारा प्रदान किए जाएंगे। कॉपियों के मूल्यांकन हेतु जयपुर कार्यालय द्वारा समिति बनाई गई है। उत्तर पुस्तिकाओं के समुचित मूल्यांकन के उपरांत, सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण राज्य स्तर पर किया जाएगा।



# स्वच्छता सर्वेक्षण टीम को बाजारों की स्थिति से अवगत करवाएगा व्यापारिक महासंघ

**बाजारों में नहीं यूरिनल्स, महिलाओं के लिए नहीं है सुविधा**

**मॉर्निंग न्यूज @** अजमेर। अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने बेठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आगामी दिनों में अजमेर आने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण टीम को महासंघ के पदाधिकारी अलग-अलग बाजारों की स्थिति से अवगत करवाएगा।

पुलिस लाइन्स चैराहे के अध्यक्ष रणवीर सैनी और महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि मीडिया के माध्यम से सर्वेक्षण टीम को पूर्व में ही जानकारी प्रदान की जा रही हैं कि पुलिस लाइन्स चैराहे पर पूर्व में बने यूरिनल को प्रशासन द्वारा तोड़ दिए जाने के बाद आज तक अनेक अनुरोध पर चार सौ दुकानदारों के मध्य यूरीनल नहीं है। इसी प्रकार सुभाष नगर ब्यावर रोड पर कार्यकारी अध्यक्ष सरदार रणजीत सिंह सलूजा ने बताया कि खंडहरनूमा यूरीनल साफ-सफाई भी नहीं होती है, महिलाओं के लिए सुविधा नहीं है, बिजली की व्यवस्था नहीं है।



नारी शाला के अध्यक्ष चेतन सैनी व सचिव भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि लगभ 150 दुकादारों के मध्य महिला दुकानदारों के लिए भी सुविधा नहीं है। आगरा गेट के अध्यक्ष सुरेश तम्बोली एवं राधाकिशन दौलतानी व पूनमचन्द बारोलिया ने बताया कि गंज गोदाम के सामने यूरीनल दशा खराब है, न्यू मैजेस्टिक बाजार के पास, डिग्गी चौक झूलेलाल मन्दिर के पास, गिदवानी बाजार, सेन्ट जोन्स बाजार, ऐसे ही अन्य स्थानों पर भी यूरीनल के दशा सही नहीं है, कहीं पाइप नहीं, पानी की टांकी नहीं, महिला शौचालय के हमेशा ताले लटके हुए रहते हैं।

ताराचन्द, रामचन्द, गोबिन्द, अशोक एवं अन्य ने बताया कि नगर निगम के गंज गोदाम के बाहर से कचरा सायं सात बजे तक उठता रहता है जोकि शहर के मुख्य बाजार केन्द्र में बना हुआ है। इसके पास ही राजकीय यूनानी चिकित्सालय, कच्ची लुहार बस्ती, प्राचीन शिव मन्दिर, संस्कृत कालेज, नगर निगम गोदाम व कार्यालय, सोनीजी की नसिया, दरगाह जाने का मार्ग है सहित अन्य स्थानों पर कच्ची बस्ती में लुहार बस्ती के बीच ट्रक डम्परो, जेसीबी से धनी बस्ती में दिनभर ट्रकों का आवागमन व जेसीबी संचालित होती रहती है, जहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। महासंघ के महेन्द्र बंसल, महासचिव रमेश लालवानी, संजीव खण्डेलवाल, प्रदीप अग्रवाल, किशन पारीक, हरीश अगनानी, मितेश निचानी, रणजीत सैनी, किशोर टेकवानी एवं अन्य ने स्मार्ट सिटी कहलाने वाले अजमेर के सफाई की सर्वेक्षण करने वाली टीम से बाजारों के अध्यक्षों प्रतिनिधियों से सम्पर्क करने का अनुरोध किया है।